# REET 2025

## Level – 1 & 2

5

# शिक्षा मनोविज्ञान

# बाल विकास

REET मे हर बार पूछे जाने वाले प्रश्न

RPN 1 Study Point

**151. पियाजे के अनुसार बच्चा अमूर्त स्तर पर चिंतन बौद्धिक क्रियाएँ और समस्या समाधान किस अवस्था में करने लगता है?**

(a) पूर्व संक्रियात्मक अवस्था (2-7 वर्ष)

(b) मूर्त संक्रियात्मक अवस्था (7-11 वर्ष)

(c) औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था (11-16 वर्ष)

(d) संवेदी पेशीय अवस्था (0-2 वर्ष)

महारथ Academy

**152. वह अवस्था जब बच्चा तार्किक रूप से वस्तुओं व घटनाओं के विषयों में चिंतन प्रारंभ करता है?**

(a) पूर्व संक्रियात्मक अवस्था

(b) मूर्त-संक्रियात्मक अवस्था

(c) संवेदी प्रेरक अवस्था

(d) औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था

153. पियाजे की औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था बालक की किस आयु अवधि तक मानी जाती है?

(a) 0-2 वर्ष

(b) 2-7 वर्ष

(c) 7-11 वर्ष

(d) 11-15 वर्ष

**154. विकास के किस आयाम के संबंध में पियाजे व कोहलबर्ग के विचार समान है?**

(a) सामाजिक विकास
(b) संवेगात्मक विकास
(c) नैतिक विकास
(d) ज्ञानात्मक विकास

**155. पियाजे का सिद्धान्त किसके अवलोकन पर आधारित है?**

(a) कुत्ता (b) बिल्ली

(c) अपने बालक (d) चिम्पाजी

**156. पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के चरणों के अनुसार इंद्रिय गामक (संवेदी प्रेरक) अवस्था किसके साथ सम्बन्धित है?**

(a) अनुकरण, स्मृति और मानसिक निरूपण

(b) तार्किक रूप से समस्या समाधान की योग्यता

(c) विकल्पों के निर्वचन और विश्लेषण करने की योग्यता

(d) सामाजिक मुद्दों से सरोकार

**157. चिंतन अनिवार्य रूप से है, एक-**

(a) संज्ञानात्मक गतिविधि (b) मनोगतिक प्रक्रिया

(c) मनोवैज्ञानिक परिघटना (d) भावात्मक व्यवहार

**158. पियाजे के अधिगम के संज्ञानात्मक सिद्धान्त के अनुसार वह प्रक्रिया जिसके द्वारा संज्ञानात्मक संरचना को संशोधित किया जाता है.... कहलाती है?**

(a) प्रत्यक्षण (b) समायोजन

(c) समावेश (d) स्कीमा

**159. निम्नलिखित में से कौन पियाजे के अनुसार बौद्धिक विकास का निर्धारक तत्व नहीं है?**

(a) सामाजिक संचरण
(b) अनुभव
(c) संतुलनीकरण
(d) इनमें से कोई नहीं

**160. फ्रायड, पियाजे एवं अन्य मनोवैज्ञानिकों ने व्यक्तित्व विकास की विभिन्न अवस्थाओं के संदर्भ में व्याख्या की है, परन्तु पियाजे ने?**

(a) कहा कि विकास की अवस्थाएँ वातावरण से निर्धारित होती है।

(b) कहा कि शैशवावस्था के अनुभव ही अधिक प्रभावित करते हैं, बाकी अवस्थाओं के सीमित प्रभाव होते हैं।

(c) विभिन्न अवस्थाओं को समझाने के लिए संज्ञानात्मक बदलाव के बारे में कहा।

(d) इनमें से कोई नहीं

**161. मौजूदा ज्ञान में नई जानकारी शामिल करने की प्रक्रिया को ............. कहते हैं।**

(a) अनुकूलन
(b) आत्मसातकरण
(c) समंजन
(d) समतुल्यन

**162. ब्रूनर ने संज्ञानात्मक विकास के तीन महत्वपूर्ण चरणों की पहचान की। निम्नलिखित में से इन चरणों के सही क्रम चयन कीजिये :**

(a) प्रतीकात्मक, अनुप्रतीकात्मक, एनेक्टिव (इन्द्रियों द्वारा प्राप्त ज्ञान को क्रियाओं से प्रकट करना)

(b) अनुप्रतीकात्मक, प्रतीकात्मक, एनेक्टिव

(c) एनेक्टिव, अनुप्रतीकात्मक, प्रतीकात्मक

(d) प्रतीकात्मक, एनेक्टिव, अनुप्रतीकात्मक

**163. संज्ञानात्मक विकास की निम्नलिखित अवस्थाओं में से कौन-सी अवस्था का वर्णन ब्रूनर द्वारा नहीं किया गया है?**

(a) अधिनियम (b) प्रतिभापरकता

(c) पराधीनता (d) सांकेतिकता

**164. ब्रूनर के अनुसार संज्ञानात्मक विकास में सम्मिलित है-**

(a) क्रियात्मक अवस्था

(b) विलोमीयता की प्रक्रिया

(c) अंतःप्रज्ञा काल

(d) पूर्व-प्रत्यात्मक काल

**165. लेव वाइगोत्सकी ने अपने सिद्धांत में चिंतन के विकास में किस तत्त्व का महत्त्वपूर्ण योगदान माना है?**

(a) परिपक्वता (b) संवेग
(c) भाषा (d) अभिवृत्ति

**166. लेव वाइगोत्सकी के बारे में असत्य कथन छाँटिए-**

(a) लेव वाइगोत्सकी (रूस) ने संज्ञानात्मक-सांस्कृतिक विकास का सिद्धांत दिया।

(b) सिद्धांत में स्कैफोल्डिंग, वास्तविक विकास क्षेत्र तथा संभाव्य विकास क्षेत्र का उल्लेख किया।

(c) थॉट एण्ड लैंग्वेज पुस्तक की रचना की।

(d) संज्ञात्मक विकास में सामाजिक-सांस्कृतिक कारकों को महत्त्वपूर्ण नहीं माना है।

**167. सीखने की वह सीमा, जहाँ बालक सीख तो सकता है लेकिन उसे किसी सहारे की जरूरत होती है, कहलाता है-**

(a) वास्तविक विकास क्षेत्र
(b) संभाव्य विकास क्षेत्र
(c) आत्म नियमन
(d) समीपस्थ विकास क्षेत्र

**168. वाइगोत्सकी के अनुसार निम्नलिखित में से कौन से उपकरण एक व्यक्ति के संज्ञानात्मक विकास में सहायता प्रदान करते हैं?**

(a) सामाजिक और सांस्कृतिक उपकरण

(b) भौतिक उपकरण

(c) सांवेगिक उपकरण

(d) व्यक्तिगत उपकरण

169. **समीपस्थ विकास का सम्प्रत्यय किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया?**

(a) बंडुरा
(b) वाइगोत्सकी
(c) ब्रूनर
(d) पियाजे

**170. निम्नांकित में से किसके मत के अनुसार ज्ञान की रचना में सामाजिक अंत:क्रिया की भूमिका होती है?**

(a) जीन पियाजे
(b) लेव वायगोत्स्की
(c) जे.बी. वाटसन
(d) बी.एफ. स्किनर

**171. "संवेदना ज्ञान की पहली सीढ़ी है।" यह विकास कौन सा है?**

(a) भाषा विकास

(b) मानसिक विकास

(c) संवेगात्मक विकास

(d) शारीरिक विकास

172. 'निकटस्थ विकास का क्षेत्र (ZPD)' की अवधारणा ......द्वारा दी गई है।

(a) एल.एस. वायगोत्स्की

(b) एम. प्रेसले

(c) बी. रोगोफ

(d) ए. कोलिन्स

**173. किसी भी विद्यार्थी को अधिगम और समस्या समाधान हेतु दी जाने वाली सहायता कहलाती है :**

(a) आन्तरीकरण

(b) स्कैफोल्डिंग

(c) अनुकूलन

(d) एसिमिलेशन (आत्मसातीकरण)

**174.** **स्कैफोल्डिंग निम्नलिखित में से किस संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त से सम्बंधित है?**

(a) स्कीनर (b) पियाजे

(c) वाइगोत्सकी (d) गिलफोर्ड

**175. लॉरेन्स कोहलबर्ग विकास के किस क्षेत्र में शोध के लिए जाने जाते हैं?**

(a) शारीरिक विकास
(b) गामक विकास
(c) संज्ञानात्मक विकास
(d) नैतिक विकास

**176. कोहलबर्ग ने अपने नैतिक विकास के सिद्धांत को प्रतिपादित करने के लिए किए गए शोध में किस आयु वर्ग के बालकों को सम्मिलित किया?**

(a) 10-16 वर्ष
(b) 6-9 वर्ष
(c) 4-8 वर्ष
(d) 15-19 वर्ष

177. **कोहलबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धांत में शामिल नहीं है-**

(a) पूर्व-परम्परागत स्तर
(b) पश्च-परम्परागत स्तर
(c) परम्परागत स्तर
(d) पूर्व-संक्रियात्मक स्तर

**178. कोहलबर्ग के अनुसार "नैतिक विकास की एक ऐसी अवस्था, जिसमें कोई व्यक्ति अपनी नैतिकता को वर्तमान में प्रचलित सामाजिक मानदंडों अथवा नियमों के अनुरूप आँकता है" को जाना जाता है-**

(a) नैतिकता का पूर्व परम्परागत स्तर

(b) नैतिकता का परम्परागत स्तर

(c) नैतिकता का पश्च परम्परागत स्तर

(d) नैतिकता का गैर-परम्परागत स्तर

**179. कोहलबर्ग के अनुसार व्यक्ति का वह स्तर जिसमें उसके दूसरों के प्रति मूल्य, विश्वास, देखभाल और वफादार (निष्ठावान) होना उसके नैतिक निर्णयों पर आधारित होते हैं, वह है-**

(a) गैर-परम्परागत　　(b) पूर्व-परम्परागत

(c) परम्परागत　　(d) पश्च परम्परागत

**180. कोहलबर्ग के सिद्धांत की किस अवस्था में बालक प्रशंसा प्राप्ति के लिए नैतिक आचरण प्रकट करता है?**

(a) आज्ञा व दण्ड पालन की अवस्था

(b) अच्छा बालक-अच्छी बालिका अवस्था

(c) सामाजिक बंधन उन्मुखता की अवस्था

(d) सार्वत्रिक नीति उन्मुखता

**181. कोहलबर्ग ने अपने नैतिक विकास का वर्तमान सिद्धांत कब प्रतिपादित किया?**

(a) वर्ष 1984 में
(b) वर्ष 1932 में
(c) वर्ष 1949 में
(d) वर्ष 1943 में

**182. कोहलबर्ग ने अपने नैतिक विकास के सिद्धांत में कितने स्तरों व अवस्थाओं का वर्णन किया है?**

(a) 2 स्तर व 4 अवस्थाएँ
(b) 3 स्तर व 8 अवस्थाएँ
(c) 3 स्तर व 6 अवस्थाएँ
(d) 4 स्तर व 2 अवस्थाएँ

**183. जीन पियाजे के संदर्भ में असंगत है :**

(a) सन् 1932 में नैतिक विकास का सिद्धांत दिया।

(b) नैतिक विकास की 2 अवस्थाओं का उल्लेख किया।

(c) 'द मोरल जजमेंट ऑफ दी चाइल्ड' पुस्तक की रचना की।

(d) 'हैज की दुविधा' कहानी के आधार पर सिद्धांत दिया।

**184. 'द साइकोलॉजी ऑफ मोरल डवलपमेंट' पुस्तक के लेखक हैं-**

(a) जीन पियाजे
(b) विलियम मैक्डूगल
(c) लॉरेन्स कोहलबर्ग
(d) गुड एन एफ

**185. 'परायत्तता की नैतिकता' को कहते हैं-**

(a) स्वतंत्रता की नैतिकता
(b) स्वायत्तता की नैतिकता
(c) दबाव की नैतिकता
(d) इनमें से कोई नहीं

**186. निम्न में से कोहलबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धान्त की अवस्था नहीं है?**

(a) प्राक् रूढ़िगत
(b) रूढ़िगत
(c) संवेदी प्रेरक
(d) पश्चात्-रूढ़िगत

**187. कोहलबर्ग के नैतिक विकास सिद्धान्त के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन-सी उस सिद्धान्त की एक अवस्था है ?**

(a) पूर्व संक्रियात्मक (b) परम्परागत

(c) संवेदी-प्रेरक (d) मूर्त संक्रियात्मक

**188. कोहलबर्ग के अनुसार शिक्षक बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास कर सकता है?**

(a) धार्मिक शिक्षा को महत्व देकर।

(b) व्यवहार के स्पष्ट नियम बनाकर।

(c) नैतिक मुद्दों पर आधारित चर्चाओं में उन्हें शामिल करके।

(d) कैसे व्यवहार किया जाना चाहिए इस पर कठोर निर्देश देकर।

महारथ Academy

**189. “चरित्र आदतों का पुंज होता है।“ कथन है-**

(a) सेमुअल स्माइल (b) डमविल

(c) वुडवर्थ (d) गैरेट

**190. निम्न में से कौन सा पियाजे के अनुसार नैतिक विकास का स्तर नही है?**

(a) नैतिक अधिकार

(b) नैतिक यथार्थवाद

(c) नैतिक समानता

(d) नैतिक सापेक्षता

191. निम्नलिखित में से कौन सी कोहलबर्ग द्वारा प्रतिपादित नैतिक विकास सिद्धान्त की एक अवस्था नहीं है?

(a) गैर-परम्परागत

(b) पूर्व परम्परागत

(c) पश्च परम्परागत

(d) परम्परागत

**192. कोहलबर्ग के नैतिक विकास सिद्धांत के अनुसार निम्नांकित में से कौन सा कथन चौथे चरण की विशेषता दर्शाता है?**

(a) दंड-अनुपालन अभिविन्यास
(b) अच्छा लड़का-अच्छी लड़की अभिविन्यास
(c) सामाजिक अनुबंध अभिविन्यास
(d) कानून और व्यवस्था अभिविन्यास

**193. हैंज दुविधा (Heinz's Dilemma) निम्नांकित में से किस सिद्धांत से संबंधित है?**

(a) पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत से

(b) फ्रायड के मनोलैंगिक विकास के सिद्धांत से

(c) कोहलबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धांत से

(d) बंडूरा के निरीक्षणात्मक अधिगम से

194. निम्न में से नैतिक विकास के तत्त्व कौन हैं?

(a) सांवेगिक तत्त्व

(b) व्यवहारात्मक तत्त्वा

(c) संज्ञानात्मक तत्त्व

(d) सभी विकल्प सही हैं।

**195. कोहलबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धांतानुसार निम्न में से कौन-सी अवस्था पश्च पारंपरिक स्तर के अंतर्गत सम्मिलित की जाती है?**

(a) व्यक्ति केन्द्रित

(b) अन्तर्वैयक्तिक संबंधों पर आधारित

(c) सामाजिक अनुबंध एवं व्यक्तिगत अधिकारों पर आधारित

(d) सामाजिक व्यवस्था बनाए रखने पर आधारित

196. दोपहर के भोजन के दौरान शोभित देखता है कि मनीष राहुल का खाना ले रहा है। इसके तुरंत बाद, वह देखता है राहुल इसका प्रतिकार मनीष की पसंदीदा कलम को लेकर कर रहा है। शोभित इन घटनाओं को शिक्षक को नहीं बताता है, क्योंकि दोनों ने एक-दूसरे से बदला ले लिया है। कोहल्बर्ग के अनुसार, शोभित नैतिक विकास के किस चरण में पहुंच चुका है?

(a) चरण 2
(b) चरण 3
(c) चरण 4
(d) चरण 5

**197. नैतिक विकास का सिद्धांत निम्न में से किसके द्वारा दिया गया है?**

(a) जीन पियाजे
(b) इ.एल. थार्नडाईक
(c) एल. कोहलबर्ग
(d) (a) एवं (c) दोनों

**198. जिस प्रक्रिया में व्यक्ति मानव कल्याण के लिए परस्पर निर्भर रहकर व्यवहार करना सीखता है, वह प्रक्रिया है?**

(a) सामाजीकरण (b) भाषा विकास

(c) वैयक्तिक मूल्य (d) सामाजिक परिपक्वता

**199. यूरी ब्रोनफेन ब्रेन्नर ने अपने पारिस्थितिकी तंत्र सिद्धांत में कितने मण्डल बताए हैं?**

(a) पाँच (5)
(b) चार (4)
(c) सात (7)
(d) दो (2)

**200. 'माता-पिता के कार्यस्थल' को ब्रोनफेन ब्रेन्नर ने अपने सिद्धांत में किस मण्डल के अन्तर्गत शामिल किया है?**

(a) मध्य मण्डल
(b) वृहद् मण्डल
(c) बाह्य मण्डल
(d) घटक मण्डल

महारथ Academy

**201. यूरी ब्रोनफेन ब्रेन्नल के अनुसार बालक के विकास में किसका महत्त्वपूर्ण योगदान है?**

(a) वंशानुक्रम
(b) परिपक्वता
(c) पारिस्थितिकी तंत्र
(d) आत्म-सम्भाषण

**202. ब्रोनफेन ब्रेन्नर के अनुसार वह मण्डल जिसमें बालक में सामाजिक, आर्थिक एवं मानवीय मूल्य पैदा होते हैं-**

(a) घटक मण्डल

(b) बाह्य मण्डल

(c) वृहद् मण्डल

(d) लघु मण्डल

**203. बालक का सामाजिक व्यवहार प्रभावित होता है -**

(A) संस्कृति जिसमें वह जन्म लेता है।

(B) पर्यावरण जहाँ वह रहता है।

(C) आर्थिक स्तर से जिससे वह आता है।

**संकेत :**

(a) केवल (A) (B) केवल (B)

(c) (A) एवं (C) (D) (A), (B) एवं (C)

**204. विद्यार्थियों में सामाजिक विकास विकसित करने हेतु, एक अध्यापक को चाहिए कि वह जाने?**

(a) विद्यार्थियों के व्यक्तिगत रुचियों को
(b) विद्यार्थियों के शारीरिक विकास को
(c) विद्यार्थियों के सभी पक्षों का
(d) विद्यार्थियों के कार्य निष्पादनों को

**205. किसी व्यक्ति के सांवेगिक संप्रेषण, स्वसमझ, अन्य व्यक्तियों के बारे में समझ, पारस्परिक कौशल, मित्रता, अंतरंग सम्बन्ध और नैतिक तर्कणा तथा व्यवहार में होने वाला परिवर्तन निम्नांकित में से किस विकास का सर्वोत्तम उदाहरण है?**

(a) शारीरिक विकास

(b) सांवेगिक एवं सामाजिक विकास

(c) संज्ञानात्मक विकास

(d) गतिक विकास

**206. परिपक्वता का सिद्धांत किसने दिया?**

(a) एरिक इरिक्सन
(b) लेव वाइगोत्सकी
(c) यूरी ब्रोनफेन ब्रेन्नर
(d) अरनोल्ड गैसेल

**207. अरनोल्ड गैसेल के संबंध में असत्य कथन है-**

(a) गैसेल ने 1925 वर्ष में परिपक्वता का सिद्धांत दिया।

(b) गैसेल के अनुसार बालक के विकास पर तंत्रिका-तंत्र, वंशक्रम व वातावरण तथा सांस्कृतिक विरासत का विशेष प्रभाव पड़ता है।

(c) परस्पर अंतर्गुफन व आत्म विनियमन के सम्प्रत्यय दिए।

(d) अपने सिद्धांत में 5 स्तरों का उल्लेख किया।

महारथ Academy

208. एक बालक स्वयं के लिए सोने, जागने, खाने-पीने के लिए निश्चित नियम बना लेता है और उसी समय के अनुसार उन कार्यों के लिए अपना व्यवहार प्रकट कहलाता है, गैसेल ने उसे क्या कहा है?

(a) परस्पर अन्तर्गुफन
(b) आत्म-सम्भाषण
(c) आत्म विनियमन
(d) इनमें से कोई नहीं

**209. क्षमता के विकास का दूसरा नाम है :**

(a) अनुभव (b) परिपक्वता

(c) शारीरिक विकास (d) कौशल विकास

**210. परिपक्वता जिसका दूसरा नाम है-**

(a) क्षमता का विकास
(b) बढ़ती आयु
(c) शारीरिक विकास
(d) अधिगम पूरा होना

**211. परिपक्वता की विशेषता है -**

(a) एक स्वचालित प्रक्रिया (b) वृद्धि की पूर्णता

(c) अधिगम का आधार (d) उपरोक्त सभी

RPN 1 Study Point

महारथ Academy

**212. ब्रिजेज के अनुसार उत्तेजना भाग है**

(a) शारीरिक विकास का (b) मानसिक विकास का

(c) सामाजिक विकास का (d) संवेगात्मक विकास का

महारथ Academy

**213. मूल प्रवृत्ति (Instincts) का सिद्धान्त देने वाले हैं -**

(a) मैक्डुगल (Mc Dougale)

(b) थार्नडाइक (Thorndike)

(c) साइमण्ड्स (Symonds)

(d) एडलर (Adler)

**214. "सामाजिक एवं संवेगात्मक विकास साथ-साथ चलते है।" यह कथन है-**

(a) हॉल का
(b) स्किनर का
(c) क्रो व क्रो का
(d) स्ट्रैंग का

**215. "मूल प्रवृतियां सम्पूर्ण मानव व्यवहार की चालक है।" यह कथन किस मनोवैज्ञानिक का है ?**

(a) मेलवी (b) मैक्डूगल
(c) स्किनर (d) सुरेश भटनागर

**216. संवेग की विशेषता है–**

(a) संवेगों की व्यापकता

(b) विचार प्रक्रिया का कार्य न करना

(c) संवेगों की अस्थिरता

(d) सभी विकल्प सही हैं।

**217. निम्नलिखित में से कौनसा नकारात्मक संवेग नहीं है ?**

(a) भय (b) क्रोध

(c) चिंता (d) आशा

**218. बच्चे में संवेगात्मक संघर्ष उत्पन्न होता है, बहुंत अधिक -**

(a) क्रोध से
(b) पीड़ा से
(c) भय से
(d) उत्तेजना से

**219. निम्नलिखित में से कौन-सा नकारात्मक संवेग है ?**

(a) आनंद
(b) चिन्ता
(c) आशा
(d) उपलब्धि

**220. मैक्डूगल के अनुसार, मूल प्रवृत्ति जिज्ञासा का सम्बन्ध संवेग कौनसा है?**

(a) भय

(b) घृणा

(c) आश्चर्य

(d) भूख

**221. संवेगों की उत्पत्ति किससे होती है?**

(a) मूल-प्रवृत्ति
(b) गत्यात्मक क्रियाएँ
(c) पोषण
(d) इनमें से कोई नहीं

**222. विकास के सम्बंध में मैक्डूगल ने-**

(a) व्यक्तित्व का विश्लेषण किया।

(b) मूल प्रवृत्यात्मक व्यवहार का विश्लेषण किया।

(c) बालक के शारीरिक विकास का विश्लेषण किया

(d) उपर्युक्त सभी

**223. मूल प्रवृत्तियाँ कैसी होती हैं?**

(a) जन्मजात
(b) अर्जित
(c) जन्मजात व अर्जित
(d) इनमें से सभी

**224. संवेग की प्रकृति के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?**

(a) विभिन्न बालकों के लिए संवेगों का अर्थ भिन्न भिन्न होता है।

(b) संवेग स्थाई होते हैं।

(c) संवेगों की अभिव्यक्ति को अधिगम द्वारा परिवर्तित किया जा सकता है।

(d) संवेगों को नियंत्रित नहीं किया जा सकता है।

**225. संवेग शब्द का शाब्दिक अर्थ है-**

(a) स्नेह तथा प्रेम
(b) क्रोध तथा भय
(c) प्रेम तथा भय
(d) उत्तेजना या भावों में उथल-पुथल



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 151.(c) | 152.(a) | 153.(d) | 154.(c) | 155.(c) |
| 156.(a) | 157.(a) | 158.(b) | 159.(a) | 160.(c) |
| 161.(b) | 162.(c) | 163.(c) | 164.(a) | 165.(c) |
| 166.(d) | 167.(d) | 168.(a) | 169.(b) | 170.(b) |
| 171.(b) | 172.(a) | 173.(b) | 174.(c) | 175.(d) |
| 176.(a) | 177.(d) | 178.(b) | 179.(c) | 180.(b) |
| 181.(a) | 182.(c) | 183.(d) | 184.(c) | 185.(c) |
| 186.(c) | 187.(b) | 188.(c) | 189.(a) | 190.(a) |
| 191.(a) | 192.(d) | 193.(c) | 194.(d) | 195.(c) |
| 196.(a) | 197.(d) | 198.(a) | 199.(a) | 200.(c) |
| 201.(c) | 202.(c) | 203.(d) | 204.(c) | 205.(b) |
| 206.(d) | 207.(d) | 208.(c) | 209.(d) | 210.(a) |
| 211.(d) | 212.(d) | 213.(a) | 214.(c) | 215.(b) |
| 216.(b) | 217.(d) | 218.(a) | 219.(b) | 220.(c) |
| 221.(a) | 222.(b) | 223.(a) | 224.(c) | 225.(d) |